वार्षिक आकलन – मार्च 2017

कक्षा – 6

विषय – संगीत गायन/वादन

अधिकतम अंक : 80 | समय : 150 मिनट

निर्देश :

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- प्रश्नों के अंक उनके सामने दर्शाए गए हैं।

1. सभी कलाओं में ....................... को सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। 1

(क) काव्यकला (ख) चित्रकला
(ग) संगीतकला (घ) मूर्तीकला

2. संगीत में ................ विकृत स्वर होते हैं। 1

(क) दो (ख) तीन
(ग) चार (घ) पाँच

3. निम्न में तीव्र स्वर कौन–सा है? 1

(क) रे (ख) मं
(ग) ध (घ) ग

4. अचल स्वर कौन–कौन से हैं? 1

(क) रे–ग (ख) ग–नि
(ग) सा–प (घ) म–प

5. .............. स्वर के लिए कोई चिन्ह नही लगाया जाता है। 1

(क) शुद्ध (ख) कोमल
(ग) तीव्र (घ) विकृत

6. एक सप्तक में कुल कितने स्वर होते हैं? 1

(क) आठ (ख) दस
(ग) बारह (घ) चौदह

7. .............. ताल में सम का चिन्ह होता है। 1

(क) + (ख) ÷
(ग) × (घ) 0

8. अन्तरा मुख्य रुप से ........... के स्वरों में गाया जाता है। 1

(क) मन्द्र–मध्य सप्तक (ख) मध्य–तार सप्तक
(ग) मन्द्र–तार सप्तक (घ) तीनों सप्तक

9. गीत के किस भाग को बार–बार गाया जाता है? 1

(क) स्थायी (ख) अन्तरा
(ग) आरोह (घ) अवरोह

10. राग भूपाली किस थाट से उत्पन्न हुआ है? 1

(क) बिलावल (ख) कल्याण
(ग) खमाज (घ) काफी

11. राग ............... की विशेष रचना है। 1

(क) सप्तक (ख) अलंकार

(ग) स्वरों (घ) संगीत

12. सुगम का अर्थ है:– 1

(क) जिसमें नियम बद्धता हो। (ख) जो शास्त्रीय नियमों से मुक्त हो।

(ग) राग की तरह विस्तृत हो। (घ) जिनमें भावों की प्रधानता न हो।

13. शास्त्रीय संगीत का मुख्य आधार क्या है? 1

(क) स्वर (ख) लय

(ग) राग (घ) थाट

14. सौलह मात्राओं वाली ताल का नाम लिखो। 1

(क) कहरवा ताल (ख) दादरा ताल

(ग) झपताल (घ) तीन ताल

15. संगीत का आनन्द हमें ............. मात्र से प्राप्त हो जाता है। 1

(क) सुनने (ख) देखने

(ग) बोलने (घ) चलने

16. संगीत में कुल कितने शुद्ध स्वर होते हैं? नाम सहित लिखो। 2

17. कोमल व तीव्र स्वरों में क्या–क्या अन्तर हैं? 2

18. स्थायी व अन्तरा से आप क्या समझते है? 2

19. आर्वतन की परिभाषा लिखें। 2

20. ताल को परिभाषित करें। 2

21. संगीत में अलंकार का क्या महत्त्व है? 2

22. राग की परिभाषा लिखें। 2

23. कोई एक देशभक्ति गीत लिखें। 2

24. शास्त्रीय संगीत का क्या अर्थ है? 2

25. संगीत में स्वरलिपि पद्धति से क्या–क्या लाभ हुए। 2

26. स्वर किसे कहते हैं? स्वरों के प्रकार उनके नाम सहित लिखें। 3

27. आरोह–अवरोह व पकड़ की परिभाषा दें। 3

28. राग भूपाली का शास्त्रीय परिचय लिखें। 3

29. सप्तक के विभिन्न प्रकारों का विस्तृत वर्णन करें। 3

30. राग भूपाली के छोटे ख्याल के अन्तरा की स्वरलिपि लिखें। 3

31. राग दुर्गा का आरोह–अवरोह व पकड़ लिखें। 3

32. लय कितने प्रकार की हैं? संक्षेप में वर्णन करें। 3

33. राग दुर्गा के छोटे ख्याल के अन्तरा की स्वर लिपि लिखें। 3

34. सुगम संगीत की मुख्य विशेषताऐं क्या हैं? 3

35. तीन ताल का शास्त्रीय परिचय लिखें। 3

36. संगीत की तीनों कलाओं के विषय में विस्तृत रूप से लिखें। 5

37. ताल कहरवा का परिचय लिखते हुए एक गुण व दुगुण लिखें। 5

38. स्वरलिपि किसे कहते हैं? भातखण्डे स्वरलिपि पद्धति में लगने वाले चिन्हों का संक्षिप्त वर्णन करें। 5